शिक्षकों पर राजनीति नहीं इनके तबादले पॉलिसी के माध्यम से होने चाहिए : व्यास

बीकानेर, (कासं)। शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकण्डरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) द्वारा प्रताप सभागार डुंगर कॉलेज में कैरियर गाइडेंस व बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विद्यार्थी गौरव सम्मान व शिक्षकों को शिक्षक रत्न सम्मान समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया।

सर्वप्रथम कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने संघ के द्वारा विद्यार्थी व शिक्षक हितों के लिए किए जा रहे कार्यों व संघ की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी व कहा कि शिक्षा वही सार्थक जो विद्यार्थियों को किताब के साथ परिवेश से भी जोड़ कर रखे। समारोह के मुख्य अतिथि बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के समक्ष मानवीय मूल्य बचाए रखने की आज बड़ी चुनौती है। अंधाधुंध जल दोहन से राजस्थान ही नहीं देशभर में जल संकट की स्थितियां बन रही हैं। शिक्षक व विधार्थी इन चुनौतियों के आलोक में शैक्षिक पहल करते हुए कार्य करें।

व्यास ने कहा कि शिक्षकों के मामलों में राजनीति नहीं होनी चाहिए व इनके तबादले राजनीति के आधार पर नहीं होने चाहिए। तबादले के लिए पॉलिसी बननी चाहिए। इसके लिए लिखकर सरकार को दिया है।

व्यास रविवार को प्रताप सभागार डूंगर कॉलेज में शिक्षक संघ एलीमेंटी सैकण्डरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) द्वारा आयोजित मेधावी विद्यार्थी व शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सहायक आयुक्त केन्द्र एवं सेवाकर आईआरएस भूपेन्द्र छीपा, डूंगर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. इंद्रसिंह राजपुरोहित, एसबीआई पब्लिक पार्क के मुख्य प्रबंधक महेन्द्र मीना ने भी संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि एसबीआई के सहायक महाप्रबंधक नीरज कुमार ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी भाग्य आजमाना चाहिए। भीड़ से अलग भी अन्य क्षेत्र है जिनमें भी प्रतियोगी प्रतिभाओं की नितांत आवश्यकता है और उत्कृष्ट प्रतिभाएं अन्य क्षेत्रों में भी चयन होने का प्रयास करें तो उन्हें शीघ्र ही सफलता मिलेगी। मेधावी विद्यार्थियों को कैरियर गाइडेंस के रूप में सहायक निदेशक पेंशन विभाग डॉ. राहुल गोठवाल, सीबीईओ बज्जू डॉ.रामगोपाल शर्मा, डॉ. वाई. बी. माथुर, प्रवक्ता राजकीय पोलेटेक्निक महाविद्यालय, डूंगर कॉलेज के आचार्य डॉ.शमिंद्र सक्सेना, एनएसपी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत बिस्सा, निदेशक सिंथेसिस जेठमल सुथार, सीएमओ पीबीएम अस्पताल डॉ.एलके कपिल, रेसटा के प्रदेश महामंत्री नवलसिंह मीना, अधिवक्ता नीतू जैन, सीए दिनेश शर्मा ने मार्गदर्शन किया। संघ के जिलाध्यक्ष सीताराम डूडी व जिला महामंत्री पवन शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में अतिथियों ने बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने जिले के 211 शिक्षक व विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व गोल्ड मैडल देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद, प्रदेश महामंत्री नवल सिंह मीना, प्रदेश सभाध्यक्ष काशी सारस्वत, प्रदेश विधि सहलाकार अधिवक्ता हनुमान प्रसाद शर्मा, सीताराम डूडी आदि अन्य लोग मौजूद थे।

विधायक जेठानंद व्यास ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विद्यार्थी गौरव सम्मान व शिक्षकों को शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित किया।

■ **बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने जिले के 211 शिक्षक व विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व गोल्ड मैडल देकर सम्मानित किया**

निशुल्क सोनोग्राफी जांच शुरू होगी

हनुमानगढ़, (कासं)। आने वाले दो माह में जिला अस्पताल में आमजन के लिए सोनोग्राफी जांच की सुविधा शुरू हो जायेगी।

विधानसभा चुनाव से पूर्व जिला अस्पताल में रेडियोलोजिस्ट लगाया गया था। इसके बावजूद आमजन के लिए सोनोग्राफी जांच सुविधा का अभाव है। दरअसल रेडियोलोजिस्ट का जब तक परीक्षा का परिणाम नहीं आयेगा। नियमों के तहत तब तक अपनी सेवाएं नहीं दे सकते। लिखित परीक्षा के परिणाम आने के बाद प्रयोगिक परीक्षा का परिणाम आगामी दो माह के भीतर आयेगा। जानकारी के अनुसार डॉ. बलवंत राम सिहाग पीसीपीएनडीटी को जिला अस्पताल लगाया था। पीसीपीएनडीटी नियमों के तहत डिप्लोमा मिलने के बाद सीएमएचओ विभाग में सोनोग्राफी मशीन के लिए रजिस्ट्रेशन होगा।

उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल में 28 लाख की सोनोग्राफी मशीन आमजन की जांच सुविधा के लिए खरीदी गई थी। आज तक यह सुविधा शुरू नहीं हो पाई है। अगर यही सुविधा जिला अस्पताल में हो तो रोगी व परिजन को प्राइवेट सेंटरों में जांच के लिए 700 से 1200 रुपए खर्च नहीं करने पड़ेंगे। पेट की तकलीफ होने पर फिजिशयन अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह देते हैं। यह सुविधा जिला अस्पताल में नहीं होने के कारण प्राइवेट सेंटरों से जांच करवा रहे हैं।

सार-समाचार

जगन्नाथमय हुआ चिड़ावा



चिड़ावा, (निसं)। शहर में आज भगवान जगन्नाथ ने बलभद्र और सुभद्रा के साथ पालकी में नगर भ्रमण किया। जगन्नाथ महोत्सव दिवस के अवसर पर श्री हरिनाम प्रभात फेरी मंडल की ओर से कल्याण राय मंदिर के बाहर पहले आचार्य हीरालाल पुजारी और अमरराज पंडित के सानिध्य में विधिवत पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के विग्रहों से सजी पालकी को श्रद्धालुओं ने कंधों पर विराजित कर नगर भ्रमण की शुरुआत की। ये पालकी यात्रा कल्याण राय मंदिर से पुरानी नगरपालिका रोड, कोर्ट रोड, विवेकानंद चौक, कॉलेज रोड सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए प्राचीन जगदीश मंदिर पहुंची। यहां पर विशेष पूजन किया गया। इससे पूर्व यात्रा का शहर में काफी जगह स्वागत हुआ। वहीं महिलाओं ने भगवान के विग्रह का रास्तों में पूजन भी किया। इस दौरान हरे राम, हरे कृष्ण, जय जगन्नाथ, जगन्नाथ स्वामी सर्व सुखनामी आदि की मधुर स्वर लहरियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। यात्रा में देवानंद चौधरी, अशोक पुजारी, रामचंद्र शर्मा, महेश आजाद, रामकिशन केडिया, सुभाष पंवार, शिवसिंह गौड़, अमित गुप्ता, बेणीप्रसाद सहित काफी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।

बच्चों को भोजन करवाया

घांघू, (का.सं.)। निकटवर्ती गांव घांघू के अंकित कुमार जांगिड़ पुत्र सुरेंद्र कुमार जांगिड़ ने चूरू में झुगी झोपड़ी के बच्चों के लिए संचालित आपणी पाठशाला के सभी बच्चों को मिठाई के साथ बढ़िया खाना खिलाकर आपणी पाठशाला के इन बच्चों के प्रति मानवीय संवेदना व्यक्त की है। गांव के अंकित कुमार जांगिड ने बताया की चूरू में उन्होंने तीन वर्ष पहले बिलिफ पैरामेडिकल क्लासेज़ चूरू के नाम से कोचिंग शुरू की थी। कोचिंग की अच्छी सफ़लता के उपलक्ष में उन्होने आपणी पाठशाला के बच्चों को भोजन खिलाया। आपणी पाठशाला संचालक मण्डल ने बच्चों को भोजन करवाने पर आभार प्रकट किया। इस मौके पर सुनिल कुमार जांगिड़, अंकित कुमार जांगिड़, दिनेश जांगिड़, विशाल जांगिड़, कमल जांगिड, महेंद्र जांगिड़, निखिल रेवाड़, मनोज प्रजापत, रविन्द्र जांगिड़ ने बच्चों को भोजन परोसने में सहयोग किया।

चूरू सांसद कस्वां राहुल गांधी से मिले

चूरू, (कासं)। चूरू लोकसभा से कांग्रेस सांसद राहुल कस्वा ने नई दिल्ली में लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष व ऑल इंडिया कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात कर पार्टी नेतृत्व ने राजस्थान के द्वितीय चरण एवं हरियाणा और पंजाब लोकसभा चुनाव में दी गई कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में जिम्मेदारी से किये गए प्रचार कार्य से भी अवगत करवाया। चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी से पूर्व सांसद राम सिंह कस्वा ,पूर्व विधायक कमला कस्वा ने भी शिष्टाचार की मुलाक़ात की और अपने विचार रखे। चौहान ने बताया कि रामसिंह कस्वा भाजपा से चार बार सांसद व विधायक रहे। कमल कस्वा भी भाजपा से विधायक व जिला प्रमुख भी रही है। लोकसभा चुनाव 2024 में ही इन्होंने कांग्रेस का दामन थामा था।

500 पौधे लगाने का लक्ष्य

सादुलपुर, (निसं)। अम्बेडकर विकास संस्थान को हरा भरा बनाने के अभियान अंतर्गत कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है तथा संस्थान में 500 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। शिक्षक उमेद सुणिया द्वारा चलाये गए अभियान के तहत शिक्षक सुरेन्द्र लेकरा की ओर से 50 पौधे लगाए गए। संस्थान अध्यक्ष सत्यवीर सिंह बागोत ने बताया कि उम्मेद सुणिया ने इस अभियान में 500 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। जिसके तहत 50 पौधे लगा कर शुरुआत की है तथा पौधों की देखभाल की भी जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर शिक्षक संघ अम्बेडकर के अध्यक्ष मानसिंह मेहरा, बृह्मानंन्द मेहरा, ओमप्रकाश मेहरा, राकेश गोठवाल, पार्षद रोहताश जोईया, गजेंद्र बौद्ध, सुरेन्द्र लेकरा, श्पुरुषोत्तम देव पण्डिया, मकसूद चिश्ती सहित इन्नमा की टीम का विशेष सहयोग रहा।

शिविर में 256 मरीज लाभान्वित

झुंझुनूं, (निसं)। ढूकिया हॉस्पिटल झुंझुनूं के सौजन्य से रहमानिया शिक्षण संस्थान द्वारा रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रहमानिया स्कूल गुढ़ा मोड़ झुंझुनूं में किया गया। जिसमें 256 मरीजों की जांच की गई। जिसमें हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. महेंद्र, सर्जन डॉ. अमित चौधरी, फिजीशियन डॉ. नारायण दास, फिजीयोथैरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शाकिर ने अपनी सेवाएं दी। डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि इस तरह के आयोजनों व कैंपों से घर बैठे लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा सकते हैं। क्योंकि वृद्धजन व्यक्ति आने में असमर्थ होता है। इसलिए ढूकिया हॉस्पिटल द्वारा इस तरह के निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे।

पग फेरे की रस्म के बहाने जेवर, नकदी लेकर दो दुल्हनें पार

हनुमानगढ़, (कासं)। ब्याह के छह दिन बाद पग फेरे की रस्म पूरी करने की बात कहकर पीहर गई दो दुल्हनें वापस ससुराल नहीं आई। नई नवेली दुल्हनें पीहर जाते समय अपने साथ लाखों रूपए कीमत के गहने, नकदी, कपड़े सहित अन्य सामान भी ले गई।

दुल्हनों से जब उनके दूल्हों ने वापसी के लिए मोबाइल फोन के जरिए संपर्क किया तो लौटने से इनकार कर दिया। इसके बाद टाउन थाने में दोनों दुल्हनों व बिचौलिए सहित पांच जनों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया गया। पुलिस के अनुसार विनोद कुमार (40) पुत्र मदनलाल जाट निवासी वार्ड 10, गांव नौरंगदेसर ने रिपोर्ट दी कि उसका व उसके छोटे भाई सुरजीत कुमार (37) का रिश्ता नहीं हो रहा था। गांव के इकबाल सिंह पुत्र भजन सिंह ने उनको बताया कि रतिया में उसका जानकार है जो रिश्ता करवाने का काम करता है। गत नौ मई को इकबाल सिंह उसे व उसके भाई को लड़कियों को दिखाने के लिए मलकीत सिंह के पास जाखल दादी की ढाणी, रतिया फतेहाबाद ले गया।

परिवादी ने पुलिस को बताया कि रतिया में उनको चांदनी पुत्री राजू तथा उसकी बहन काजल से मिलवाया गया। वहां चांदनी की माता, उसका भाई व 5-6 अन्य लोग भी थे। मलकीत सिंह ने उन्हें कहा कि दोनों लड़कियों के साथ शादी करने के लिए पांच लाख रूपए देने पड़ेंगे। सहमति के बाद रिश्ता करने के लिए 50 हजार रूपए उन्हें मौके पर दे दिए। इसके बाद 20 मई को रतिया, फतेहाबाद में चांदनी की शादी परिवादी से तथा काजल की शादी उसके भाई सुरजीत से हो गई। आरोपी मलकीत सिंह, चांदनी की माता, चांदनी के भाई व 5-6 अन्य लोगों ने उनसे 5 लाख रूपए नकद ले लिए तथा लड़कियों को उनके साथ नौरंगदेसर विदा कर दिया। उन्होंने नौरंगदेसर आने के बाद चांदनी व काजल को करीब दो लाख रुपए के सोने के जेवरात, करीब एक लाख रुपए के कपड़े तथा 50 हजार रूपए नकदी के अलावा अन्य सामान भी दिया।

पीड़ित विनोद कुमार ने पुलिस को बताया कि विवाह के तीन दिन बाद चांदनी की माता मनप्रीत कौर का फोन आया कि पग फेरे की रस्म के लिए लड़कियों को लेने उसकी मौसी का बेटा भाई रणजीत आयेगा, उसके साथ भेज देना। वे दो-तीन दिन में ही वापस आ जायेगी। 26 मई को रणजीत, उसकी माता व मलकीत सिंह लड़कियों को लेने आए। काजल एवं चांदनी आभूषण, नकदी व कपड़े बैग में डालकर तीनों के साथ पीहर रवाना हो गई। कुछ दिन बाद जब उन्होंने फोन कर चांदनी व काजल को आने का कहा तो उन्होंने आने से इनकार कर दिया और कहा कि ठगी करना ही उनका काम है। वे ना तो उनके साथ बसेंगी और ना ही उनके सोने-चांदी के जेवर, रूपए वापस करेंगी।

■ **कुछ दिन बाद जब ससुराल वालों ने फोन कर चांदनी व काजल को आने को कहा तो उन्होंने आने से इनकार कर दिया और कहा कि ठगी करना ही उनका काम है**

11 खिलाड़ियों का नेशनल टीम में चयन

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी नगर के केंद्रीय विद्यालय के खिलाड़ियों ने केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कोटा में आयोजित टूर्नामेंट मे गोल्ड मेडल जीता है।

रविवार को विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रहलाद सिंह ने बताया कि कोटा में केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय विद्यालय खेतड़ी नगर की बालिका वर्ग अंडर 14 एवं अंडर 17 दोनों ही टीमों ने केवी झुन्झनू में आयोजित हुए टूर्नामेंट में भाग लेकर सिल्वर मेडल प्राप्त किए। विद्यालय के 11 बच्चों का चयन नेशनल टीम में खेलने के लिए किया गया है। इस दौरान बैडमिंटन में निशु रानी, सृष्टि भारद्वाज, फुटबॉल में मुकुल सिंह तोमर, गिरीश शर्मा सुमित, लॉन टेनिस में पार्थ वॉलीबॉल में निशांत यादव तथा वॉलीबॉल बालिका वर्ग में लावण्या, प्रियंका सैनी, अंशु मीना और अंबिका का नेशनल खेलने हेतु चयन हुआ है।

कॉलोनी का चौकीदार ही निकला चोर

हनुमानगढ़, (कासं)। टाउन की रामसिंह कॉलोनी स्थित सूने घर से लाखों रूपए की नकदी तथा जेवरात चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया।

कॉलोनी के सूने मकानों की सुरक्षा व संभाल का जिम्मा जिस चौकीदार रणजीतदास के पास था। वही चोरी की वारदात का मास्टरमाइंड निकला। उसने अन्य दो जनों को साथ लेकर सूने मकान से जेवरात व नकदी चुराए। पुलिस ने करीब एक माह पुराने इस प्रकरण में तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उनसे चुराई गई नकदी तथा जेवरात बरामदगी को लेकर पूछताछ कर रही है। साथ ही वारदात में अन्य की संलिप्तता की भी जांच पड़ताल की जा रही है।

थाना प्रभारी रामचंद्र कस्वां ने बताया कि पांच जून को विकास जसूजा निवासी रामसिंह कॉलोनी ने मामला दर्ज कराया था कि वह परिवार सहित 27 जून को मकान के ताला लगाकर श्रीगंगानगर गया हुआ था। पीछे से अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोडकर अलमारी में रखे दो लाख तथा दो गुलक में जमा 50-50 हजार सहित कुल तीन लाख रूपए की नकदी चुरा ली। इसके अलावा चोर डेढ़ लाख रुपए कीमत की तीन सोने की अंगुठियां चुरा ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की जांच एचसी मनीष कुमार को सौंपी गई।

पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज आदि के आधार पर आरोपियों की पहचान की। इसके बाद आरोपी रणजीत उर्फ अलुवा (30) पुत्र परमेश्वरदास जौला निवासी दूधवाल कॉलोनी, वार्ड 28 टाउन, रोहित कुमार (21) पुत्र रामचन्द्र सोरगर निवासी वार्ड 36, टाउन तथा अरुण कुमार (25) पुत्र बलवंत कुमार निवासी वार्ड दो ऐलनाबाद को गिरफ्तार किया गया। रामसिंह कॉलोनी का चौकीदार रणजीत दास व उसके दोनों साथियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड मंजूर करवाया गया।

प्रकरण का खुलासा करने वाली टीम में एचसी मनीष कुमार, एचसी पुरूषोत्तम पचार, कांस्टेबल गंगाबिशन, महंगा सिंह व मान सिंह शामिल रहे। इनमें से हैड कांस्टेबल पुरूषोत्तम पचार व कांस्टेबल मान सिंह की मामले की पड़ताल में विशेष भूमिका रही।

अब दालों का स्टॉक करना होगा ऑनलाइन

श्रीगंगानगर, (कासं)। दालों की जमाखोरी पर अब केन्द्र और राज्य सरकार ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। केन्द्र सरकार के निर्देश पर राज्य सरकार ने दालों की भंडारण को पोर्टल पर ऑनलाइन दर्शाने के लिए व्यापारियों को पाबंद किया है।

जिला रसद अधिकारी कविता सिहाग की ओर से जारी किए आदेश में बताया है कि व्यापारियों को दालों तूर और चना, काबूली चना आदि का स्टॉक का भारत सरकार के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन 12 जुलाई तक करवाना अनिवार्य है। निर्धारित सीमा से अधिक स्टॉक होने पर जब्त करने की प्रक्रिया अपनाई जा सकेगी। प्रवर्तन अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि थोक विक्रेताओं के लिए अधिकतम स्टॉक सीमा दो हजार क्विंटल ओर खुदरा विक्रेताओं के लिए पचास क्विंटल स्टॉक सीमा तय की गई है। इस स्टॉक सीमा से अधिक दालें पाई गई तो जब्ती की जायेगी। उन्होंने बताया कि गेहूं की स्टॉक सीमा थोक विक्रेताओं के लिए तीस हजार क्विंटल और खुदरा के लिए एक सौ क्विंटल सीमा तय की हुई है लेकिन यह स्टॉक सीमा ऑनलाइन करने के लिए 31 मार्च 2025 तक है। इस कारण आटा चक्की और परचून की दुकानों पर आटे के दाम ज्यादा है।

महिलाओं ने जगन्नाथ को रिझाया

चिड़ावा, (लिं)। शहर की कॉलेज रोड स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर स्थित जगन्नाथ परिसर में रविवार को जगन्नाथ महोत्सव मनाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया। वहीं भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र को मनमोहक वस्त्र पहना कर विशेष श्रृंगार किया गया। माहेश्वरी महिला सत्संग मंडल के तत्वावधान में मनमोहक भजनों के माध्यम से भगवान को रिझाने का प्रयास महिलाओं ने किया। मंदिर महंत अमर राज ने भगवान को दाल चूरमे के प्रसाद का महाभोग लगाया। जिसके बाद सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। आपको बता दें कि जगदीश मंदिर शहर के प्राचीन मंदिरों में से एक है।

मोटी रकम के लालच में सोये सेल्समैन की थी हत्या

श्रीगंगानगर, (कासं)। साधुवाली शराब ठेके के सेल्समैन के ब्लाइंड मर्डर का जवाहर नगर पुलिस ने 48 घंटे में पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपी 24 वर्षीय चन्द्रशेखर उर्फ शेखर पुत्र काशीराम नायक और तीस वर्षीय करण नायक पुत्र कृष्णलाल हैं। दोनों साधुवाली के ही रहने वाले हैं। घटना स्थल से इन दोनों आरोपियों के घर करीब आधा किमी दूरी पर है। एसपी गौरव यादव ने बताया कि अबोहर निवासी गुलाब सिंह पुत्र हेतराम सिंह राजपूत ने तीन जुलाई को रिपोर्ट दी कि उसके भाई विजयपाल सिंह से साधुवाली गांव में शराब की कम्पोजिट दुकान है। यह दुकान एक जुलाई को शुरू की थी। पहले वहां लाइसेंसी लखवीर सिंह था। उनकी दुकान पर सेल्समैन 31 वर्षीय राहुल कुमार ब्राहमण पुत्र अखिलेश त्रिवेदी था। यह सेल्समैन मूलरूप से यूपी का रहने वाला था। तीन जुलाई को सुबह आठ बजे जब गए तो वहां चारपाई पर राहुल का शव पड़ा हुआ था। ठेके के शटर के ताले और अंदर राहुल के बैग में शराब बिक्री के सत्रह हजार रूपए गायब मिले। जवाहर नगर थाने में बीएनएस की धारा 103(1), 331(8) 309(4).3 (5) में मामला दर्ज कर जांच सीआई देवेन्द्र सिंह को दी गई। जांच अधिकारी सीआई देवेन्द्र सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर कोई चश्मदीद गवाह या सीसीटीवी कैमरा नहीं था। इसके अलावा मोबाइल फोन या लोकेशन से भी मदद नहीं मिली।

■ **शराब ठेके के सेल्समैन के ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, दो जने गिरफ्तार**

पर्यावरणीय चुनौतियों से बचने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं : व्यास

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास के जन्मदिन पर पवनपुरी दक्षिण विस्तार कॉलोनी विकास समिति, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल क्षेत्रीय कार्यालय एवं बीकानेर जिला उद्योग संघ के संयुक्त तत्वावधान में 'मेरा पर्यावरण मेरी जिम्मेदारी' के तहत कॉलोनी स्थित शिवम वाटिका पार्क में 101 पौधे लगाये गए। इस दौरान विधायक और संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी मौजूद थे।

विधायक व्यास ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के दौर में पौधरोपण सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। पर्यावरणीय चुनौतियों से बचने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं। उन्होंने कहा कि जन्मदिन सहित जीवन के महत्वपूर्ण दिनों को यादगार बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पौधा मां के नाम लगाने का आव्हान किया है। इसका अनुसरण करते हुए सभी पौधे लगाएं। संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने कहा कि पौधा लगाने के साथ इसकी देखभाल की जिम्मेदारी लेना जरूरी है। हमारे द्वारा लगाया गया पौधा, विशाल वृक्ष बने और आने वाली पीढियों को इसका लाभ मिले। उन्होंने मुख्यमंत्री पौधरोपण महाभियान के बारे में बताया और कहा कि सरकार एवं प्रशासन द्वारा लगातार ऐसे प्रयास किए जाते हैं। विभिन्न संस्थाओं और आमजन का इसमें जुड़ना अत्यंत जरूरी है। कार्यक्रम प्रभारी और योग गुरु विनोद जोशी ने बताया कि संस्था द्वारा नियमित रूप से इनकी देखभाल की जायेगी। उन्होंने कॉलोनी में संचालित अन्य गतिविधियों के बारे में बताया।

जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने कहा कि विधायक की पहल पर चलाए जा रहे 'मेरी मातृभूमि मेरी जिम्मेदारी' अभियान के तहत पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनजर विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया जायेगा। इसके लिए 'मेरा पर्यावरण- मेरी जिम्मेदारी' के रूप में पहल की गई है। कार्यक्रम के दौरान वृक्ष मित्र के रूप में अर्चना गहलोत, राजेन्द्र सिंह राठौड़, गिरधर गोस्वामी, सी.डी. सागर और राजेन्द्र शर्मा का सम्मान किया गया।

विधायक जेठानंद व्यास के जन्मदिन पर पवनपुरी दक्षिण विस्तार कॉलोनी के शिवम वाटिका पार्क में पौधारोपण किया। इस दौरान संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी भी मौजूद थी।

■ **विधायक जेठानंद व्यास के जन्मदिन पर 101 पौधे लगाए**

जिला मुख्यालय पर संस्कृत स्कूल नहीं होने से छात्र परेशान

हनुमानगढ़, (कासं)। गांव-कस्बों तक में सैकण्डरी और हायर सैकण्डरी स्कूल संचालित हो रहे हैं मगर जिला मुख्यालय पर एक भी प्रवेशिका तथा वरिष्ठ उपाध्याय स्कूल स्वीकृत नहीं है। नतीजन हनुमानगढ़ में चाहकर भी विद्यार्थी सरकारी पाठशाला में अध्ययन नहीं कर पाता। ऐसे में उनको निजी स्कूलों में जाना पड़ता है या फिर पढ़ाई छोड़नी पड़ती है।

यह स्थिति है संस्कृत शिक्षा के विद्यालयों की। हनुमानगढ़ शहर में केवल उच्च प्राथमिक स्तर तक का ही विद्यालय संचालित हो रहा है। बरसों से यहां राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय स्कूल स्वीकृति की मांग की जा रही है। कई सरकारें आई और चली गई। किसी ने भी इस पर ध्यान देकर राहत नहीं पहुंचाई। जिला मुख्यालय पर जंक्शन स्थित सेक्टर छह में राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। इसमें लगभग 200 का नामांकन है। यहां सात में से छह पद भरे हुए हैं। इस विद्यालय को वर्ष 2007 में प्राथमिक से उच्च प्राथमिक में क्रमोन्नत किया गया था। करीब 17 वर्ष गुजर गए क्रमोन्नति को इसके बावजूद वरिष्ठ उपाध्याय में क्रमोन्नत नहीं किया गया। जबकि इस अवधि में जिले में संस्कृत व सामान्य शिक्षा के सैकड़ों विद्यालय माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत हो गए। इस तरह जिला मुख्यालय पर एक भी प्रवेशिका मतलब सैकण्डरी तथा वरिष्ठ उपाध्याय मतलब हायर सैकण्डरी स्कूल स्वीकृत नहीं हो सका है।

कई गांवों में तो संस्कृत शिक्षा के महाविद्यालय तक स्वीकृत हैं। उदाहरण के लिए गांव गोगामेड़ी, देईदास, मुंडा, रतनपुरा संगरिया, बिलौचांवाला आदि में प्रवेशिका विद्यालय स्वीकृत है। जबकि गांव 35 एमओडी में वरिष्ठ उपाध्याय, गांव रायसिंहपुरा तथा साबुआना में संस्कृत महाविद्यालय का संचालन किया जा रहा है। मगर जिला मुख्यालय पर ऐसा कुछ भी नहीं है।

जानकारों के अनुसार यूं तो जिला मुख्यालय पर टाउन व जंक्शन क्षेत्र में अलग-अलग वरिष्ठ उपाध्याय व महाविद्यालय संस्कृत स्वीकृत होना चाहिए। बात अगर सेक्टर छह के संस्कृत स्कूल की करें तो उसके कैचमेंट एरिया में करीब सात से आठ वार्ड आते हैं। वहां तो सामान्य शिक्षा का भी हायर सैकंडरी विद्यालय नहीं है। इसलिए क्रमोन्नति की बहुत दरकार है। प्रकाश शास्त्री, प्रधानाध्यापक, राउप्रावि संस्कृत, सेक्टर छह, जंक्शन ने कहा कि इस विद्यालय को वरिष्ठ उपाध्याय में क्रमोन्नत करने के संबंध में कई बार प्रस्ताव भिजवाए गए हैं।

■ **जिला मुख्यालय पर एक भी प्रवेशिका तथा वरिष्ठ उपाध्याय स्कूल स्वीकृत नहीं होने से विद्यार्थी सरकारी स्कूल में अध्ययन नहीं कर पाता, ऐसे में उन्हें निजी स्कूलों में जाना पड़ता है**